तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार 26 दिसंबर 2023

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गुकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 सरोना में किसानों को बोनस राशि का प्रमाण पत्र ...



12 पैराडाइज स्कूल में हुआ वार्षिक उत्सव का ...



## खबर संक्षेप

### घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत उंकारी निवासी 45 वर्षीय लक्ष्मी सिंहा पति गजेंद्र सिंहा का इलाज के दौरान 24 दिसंबर को शाम 5 बजे सीएचसी नरहरपुर में मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी। गंभीर चोट आने की वजह से इलाज के दौरान उसकी मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### नई सरकार से मजदूरी दर में वृद्धि की उम्मीद



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड मुख्यालय के अधिकतर ग्राम पंचायतो में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत कई निर्माण कार्य किया जा रहा है। मजदूर केमप्रकाश, बिरेंद्र कुमार, बृजलाल, लल्लूराम, संतोषी, सुशीला ने बताया कि हम रोज सुबह उठकर मिट्टी फेंकने के लिए जाते हैं, जिससे हमें शासन द्वारा मजदूरी 221 रुपए दिया जा रहा है, जो की काफी कम है। वर्तमान समय में महंगाई आसमान छू रही है सभी चीजों की दर बढ़ गई हैं, जिससे आम आदमी को जीवन यापन करने में काफी कठिनाई हो रही है। मजदूरी दर 221 रुपए महंगाई के दौर में ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। प्रदेश में नई सरकार बन गई है, इस सरकार से मजदूरी दर बढ़ाने की उम्मीद कर रहे हैं।

### पेड़ में दबने से अधेड़ की मौत

**कांकेर।** लोहत्तर थानांतर्गत गुलालबोड़ी निवासी 56 वर्षीय परसराम कवाची पिता स्व. ठेमाराम का पेड़ में दबने से 24 दिसंबर को सुबह 11 बजें मौत हो गया। मृतक के बेटे 32 वर्षीय प्यारेलाल कवाची ने पुलिस को बताया कि उनका पिता तेंदु पेड़ को काटने के शेष पेज 10 पर

# अन्नदाता किसानों को उनकी मेहनत का मिला प्रतिफल, यही है मोदी की गारंटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा दो साल का बोनस 94 करोड़ 59 लाख 08 हजार 826 रूपएं की राशि का अंतरण डीबीटी के माध्यम से किया गया।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने उपस्थित किसानों को प्रमाण पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस मौके पर रायपुर जिला के अभनपुर के ग्राम बेंद्री से आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राशि का अंतरण किया, इसके साथ ही प्रदेश के किसानों से सीधा संवाद भी किया।

विधायक आशाराम नेताम ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री की सकारात्मक सोच का सार्थक परिणाम है कि अन्नदाता किसानों को उनकी मेहनत का प्रतिफल आज दिया गया। किसानों को आज वितरित किया गया बोनस मोदी की गारण्टी का ही सुखद परिणाम है, जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा इसे मूर्तरूप दिया गया।

## विधायक आशाराम ने किसानों को प्रमाण-पत्र किया वितरित

### आई खुशहाली

विधायक ने यह भी कहा कि प्रदेश के किसान की समृद्धि, आत्मनिर्भरता और खुशहाली के लिए सरकार आगे भी बेहतर निर्णय लेगी। दो साल की बोनस राशि से ही जिले के अन्नदाता किसान लखपति बन रहे हैं। इस अवसर पर कलेक्टर सहित जिले के अन्य अधिकारी व भाजपा के जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।



### जिले के 76 लाख किसानों को मिला 94 करोड़ 59 लाख

जिले की 35 समितियों में खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 में 42 हजार 807 पंजीकृत किसानों को 54 करोड़ 61 लाख 84 हजार 713 रूपए का बोनस और खरीफ विपणन वर्ष 2015-16 में 33 हजार 748 किसानों को 39 करोड़ 97 लाख 24 हजार 113 रुपए का बोनस राशि का भुगतान किया गया। इस प्रकार जिले के कुल 76 हजार 555 किसानों को 94 करोड़ 59 लाख 08 हजार 826 रूपएं की बोनस राशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में अंतरित की जा रही है।

## आशंका : मृतिका की तीन साल पहले हुई थी शादी, पति नहीं ले जा रहा था

# महिला के चेहरे में मिले निशान, फांसी से मौत पर संदेह, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- समाज प्रमुखों को कर चुकी थी शिकायत, उसके बाद नहीं हुआ समस्या का हल
- समाज की बैठक में मौत के कारणों का दो दिन में खुलास करने का दावा

पटौद के स्कूलपारा में एक महिला के फाँसी लगाने की जानकारी पुलिस को मिलने पर पुलिस ने फाँसी पर लटकी महिला की जांच किया, महिला के चेहरे पर मारपीट के निशान भी नजर आएं। महिला ने पीड़ित होकर समाज प्रमुखों को बैठक कराने पत्र सौंपा था। पुलिस इस मामले की जाँच में जुट गई है, एक दो दिन में महिला के द्वारा आत्महत्या करने का सही कारण का खुलासा हो जाएगा।

जानकारी के अनुसार पटौद का कोटवार 25 दिसंबर की सुबह 10 बजे कोतवाली पहुँचा और पुलिस को बताया कि एक अज्ञात महिला का शव पटौद से अंजनीपारा जाने वाले मार्ग पर ईमली पेड़ पर लटका हुआ है। शव को देखने के लिए भीड़ पहले से जुटी हुई थी और पुलिस जब तक पहुँचती, तब तक यह फांसी लगाने वाली महिला की पुष्टि हो चुकी थी। फांसी लगाने वाली महिला अनूपा कुंजाम घटनास्थल से 100 मीटर की दूरी पर अपनी 3 साल की बालिका, जेठ और जेठ की दो बेटी साथ रहती थी, वहीं उसका पति मनीकांत कुंजाम नारायणपुर के दंडवन में पोस्ट आफिस में नौकरी करता है।

परिजनों ने बताया कि जेठ की एक बेटी दो साल से दंतेवाड़ा में रहती है। मृतिका के जेठ की बेटी टिकेश्वरी कुंजाम ने पुलिस और मीडिया को बताया कि 24 दिसंबर की सुबह 8 बजे घर से धान खेत में काम करने की बात बोलकर गई थी और रात को नहीं आने पर हम लोग समझे कि पटौद में हमारे परिवार के अन्य सदस्य रहते है, वहाँ रूक गई होगी। मृतिका गोतपुर की रहने वाली है और तीन साल पहले शादी हुआ था और एक तीन साल की बेटी है।



### घटना को देखने जुटी थी भीड़

महिला के द्वारा फांसी लगाने की घटना की जानकारी आग की तरह पटौद के सभी पारा और अंजनी में फैल गई थी। घटना को देखने के लिए दोनो गाँव से भीड़ जुट गई थी। ग्रामीणों से मीडिया ने घटना के बारे में जानना चाहा, उनका कहना था कि इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। गाँव से बाहर रहने के कारण इनके बारे में ज्यादा जानकारी किसी को नहीं है।



### समाज ने जारी किया था पत्र

ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को जानकारी मिली कि समाज के सचिव ने मृतिका के जेठ श्रीराम कुंजाम पिता शोभीरा को एक सूचना पत्र भेजा था, जिसमें लिखा था कि आपकी बहू अनूपा कुंजाम के आवेदन पुष्टि के लिए 24 दिसंबर रविवार को सुबह 8 बजे पटौद में आयोजित बैठक में अपनी पत्नी, बेटा और बहू के साथ उपस्थित होना है।

### महिला ने समाज को दिया था आवेदन

मृतिका ने समाज को 13 दिसंबर को आवेदन दिया था, जिसमें लिखा था कि विगत दिनों समाज की बैठक में मेरे पति को साथ में मुझे ले जाने के लिए बोला गया था। तीन माह हो गए, मेरा पति मुझसे बात नहीं करता है और मुझे साथ लेकर नहीं जाता है, परंतु तीन माह हो गया है। पटौद आता है तो अपने माँ और पिता के साथ रहता है। इस समस्या का निराकरण की माँग किया था।

### शव का हुआ पीएम जांच जारी है

कोतवाली प्रभारी शरद दुबे ने बताया कि तहसीलदार और ग्रामीणों की उपस्थिति को शव को ईमली के पेड़ से उतारा गया। शव को पीएम के लिए मरचुरी भेजा गया है। समाज को दिए गए पत्र को जप्त किया गया है। मर्ग कायम कर पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया है, वहीं मामले की विस्तृत जाँच जारी है।

# किसानों को मिली सुशासन दिवस पर धान बोनस राशि





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा

अटल सुशासन दिवस के अवसर पर लैंप्स दुधावा में धान बोनस राशि का वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सुशासन दिवस पर किसानों को बोनस प्रमाण पत्र वितरण किया गया, जिसमें सबसे अधिक बोनस प्राप्त करने वाले जालम सिंह पिता बिहार लाल को 2 लाख 82 हजार रुपए का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। लैंप्स के पूर्व प्राधिकृत अधिकारी सुकलाल सोरी ने कहा कि सरकार के द्वारा 2 साल का पुराना बोनस प्रदान कर किसान की आर्थिक उन्नति को बढ़ावा देने का काम किया गया है, हम समस्त किसानों एवं सरकार का आभार व्यक्त करते हैं।

कार्यक्रम पर मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, विशेष अतिथि श्यामा बाई नेताम, क्षेत्र के समस्त किसान, ग्राम के उपसरपंच निरंजन गजीर, लैंप्स के समस्त कर्मचारी गंगाधर यादव, इंद्रभान साहू, चंद्रशेखर नेताम, रितेश नेताम,रोशन साहू, विष्णु राम रजक उपस्थित रहे।

# अटल ने छत्तीसगढ़ राज्य की दी सौगात, मनाया सुशासन दिवस

**नरहरपुर।** भारतीय जनता पार्टी नरहरपुर मंडल द्वारा 25 दिसंबर को नरहरपुर सहित पूरे मंडल क्षेत्र में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया और विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुशासन दिवस पर नगर पंचायत नरहरपुर के अटल चौक में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया गया। नरहरपुर मंडल अध्यक्ष मुकेश संचेती ने कहा कि हमें अगर छत्तीसगढ़ की जो पहचान मिली है, यह पहचान अटल बिहारी वाजपेयी के कारण है, जिन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना पर प्रदेश का एक पहचान दी वही पंद्रह साल की भाजपा सरकार में प्रदेश ने विकास में समूचे भारत में विकसित राज्य की स्थान बनाया, जो हम सभी के लिए गर्व की बात है। सुशासन दिवस पर छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किए वादों के तहत किसानों को बोनस वितरण कर मोदी की गैरेंटी को पूरा करने का काम किया है और छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार अटल के सपनों को पूरा करने हर संभव प्रयास करेगी। इस अवसर पर हीरा मरकाम,धनेश कौशिक, लक्ष्मी नारायण साहू, हेमंत साहू, गौकरण नाग, दीपक यादव, सच्चू साहू, उमा सिन्हा, सुशीला सिन्हा, उत्तरा सिन्हा, राजेश नाग, भागवत शोरी, रंगीता उईके, मोहन कुंजाम, आशाराम जुर्री, गोपाल कृष्ण साहू, तरुण निषाद, निरंजन सिन्हा, डायमंड सिन्हा, श्याम लाल साहू, दारिका सोनी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# पत्नी को बच्चों समेत जला देने की धमकी, पति पर अपराध कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कोतवाली थानांतर्गत अन्नूपर्णापारा में 24 दिसंबर की रात को शराब के नशे धुत पति ने अपनी पत्नी को शराब पीने के लिए पैसे कि मांग किया। पत्नी ने पैसे देने से मना किया तो मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दिया। आरोपी के खिलाफ कई बार थाना में शिकायत किया गया, लेकिन कार्यवाही के बाद भी उसके आदतो में कोई सुधार नही हुआ है। मारपीट करने की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कोतवाली में शिकायत करने पहुंची कोरर थानांतर्गत डोमाहर्रा निवासी 30 वर्षीय कविता रानी यादव पति दीपक यादव ने पुलिस को बताया कि वह हाल में अन्नपूर्णापारा कांकेर में रहती हूं। करीबन 10 वर्ष पहले आमापारा कांकेर निवासी 35 वर्षीय दीपक यादव पिता मोहन यादव के साथ लव मैरिज किया था। हमारे दो संतान है, पहला का नाम हेमंत यादव जो 8 वर्ष का है और दूसरा लक्ष्य यादव जो 6 वर्ष का है। मेरा पति काम काज नही करता है, आए दिन शराब पीकर मेरे साथ वाद विवाद कर मारपीट करता रहता है। उनके खिलाफ मै कई बार शिकायत कर चुकी हुं, जिस पर पुलिस के द्वारा उचित कार्यवाही भी किया गया है। कार्यवाही के बाद भी दीपक यादव के आदतो में कोई सुधार नही है और मेरे चरित्र पर भी शक करता है। मै वकील के घर खाना बनाने का काम कर अपने बच्चो का पालन पोषण कर रही हूं। 24 दिसंबर की रात 10 बजें आरोपी पति शराब के नशे धुत होकर घर आया और मुझे पैसे की मांग करने लगा। पैसे देने से मना कि तो वह गाली गलौज कर मुझे व बच्चो को गैस सिलेण्डंर में जलाकर शेष पेज 10 पर



# अन्नदाता किसानों के खाते में दो साल की बोनस राशि पहुंची विधायक ने दिया प्रमाण पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

पांच दिवसीय प्रवास पर पहुंचे क्षेत्र के विधायक विक्रम देव उसेंडी ने सोमवार को पखांजूर के सदभावना भवन में आयोजित दो साल के धान बोनस राशि वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर स्थानीय लाभान्वित किसानों को धान बोनस वितरण का प्रमाण पत्र प्रदाय किया। साथ ही ग्राम पंचायत योगेंद्र नगर में 29.67 लाख की लागत से होने वाले एमआईटी डैम मरम्मत कार्य का भूमिपूजन भी किया गया। मुख्य अतिथि ने क्षेत्र के 9 लैंपस से दो-दो लाभान्वित किसानों को धान बोनस का प्रमाण पत्र भी दिया गया। पखांजुर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा सुशासन दिवस के अवसर पर किसानों को वर्ष 2015 तथा 2016 का बोनस वितरण का वादा किया था, जिसे 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किसानों के खाते में डालकर पूरा किया गया। विधायक ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने अपना वादा पूरा किया और विकासखंड के 12 लाख किसानों के खातों में 3716 हजार करोड़ की राशि डाला गया। गरीब परिवार को 18 लाख प्रधानमंत्री आवास देने का वादा किया गया था। जिस पर पहली केबिनेट की बैठक पर मुहर लगा दी गई है, कुछ दिनों में गरीब परिवारों को भी अपना पक्का घर मिलने लगेगा। विधायक विक्रमदेव उसेंडी द्वारा ग्राम पंचायत योगेन्द्रनगर में पहुंचकर पहले विकास कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा विधायक का स्वागत शेष पेज 10 पर

## अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया

# शहर और समाज के लोग अपना-अपना दायित्व समझें : नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- अस्पताल की अव्यवस्था को ठीक करने डीन को दी हिदायत

भारतीय जनता पार्टी ने अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को सुशासन दिवस रूप में मनाते है। सुशासन दिवस पर विधायक आशाराम नेताम सहित समस्त भाजपाईयों ने कोमलदेव जिला अस्पताल परिसर में और वंदे मातरम् स्थल के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया। विधायक ने कहा कि शहर और समाज के सभी लोग अपने अपने दायित्व समझ लें, तो आसपास फैलने वाली गंदगी स्वमेव दूर हो जाएगी। विधायक आशाराम नेताम ने जिला अस्पताल परिसर में सफाई अभियान के उपरांत मेडिकल कालेज के डीन एमएल गर्ग से बातचीत किया और नाराजगी व्यक्त करते हुए अस्पताल में चल रही अव्यवस्था को ठीक करने के लिए हिदायत दिया। उन्होने कहा कि मुझे कार्य दिखना चाहिए और इस मेडिकल कॉलेज के अस्पताल को रेफर सेंटर का जो धब्बा लगा हुआ है, वो हटना चाहिए। अस्पताल की सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त करे, सफाई पर ध्यान दें और मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करे और अच्छी चिकित्सा सेवा दे। अस्पताल परिसर में बेवजह के लोगों का जो जमावड़ा रहता है, उनको हटाएं और नहीं मानते है तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएं। विधायक का मेडिकल कॉलेज में अभी तक कई बार आना हो चुका है और लगातार हिदायत दे रहे है कि यहाँ की व्यवस्था को ठीक कर लिया जाएं। विधायक इस मेडिकल कालेज को लेकर जितनी गंभीरता दिखा रहे है, उतनी गंभीरता मेडिकल कॉलेज का प्रबंधन और जिला प्रशासन दिखाना शुरू कर दें, तो यहाँ की बिगड़ी हालत में सुधार लाया जा सकता है। जवाहर वार्ड के वंदे मातरम स्थल में अटल बिहारी बाजपेयी के छायाचित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम में पहुँचे अतिथियों सांसद मोहन मंडावी, विधायक आशाराम नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष सरोज जितेंद्र ठाकुर, नगर पालिका के प्रतिपक्ष नेता जयंत अटभैया व समस्त जनप्रतिनिधियों ने पुष्प अर्पित किया। सांसद ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता के मामले मे मिशाल है, हमें उनका अनुसरण करना चाहिए और स्वस्थ भारत, स्वच्छ भारत के मिशन को सफल बनाने मे अपना योगदान देना चाहिए। विधायक ने कहा कि हम सभी आज श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म जयंती को सुशासन दिवस के रूप मे मना रहे हैं इस अवसर पर मै सिर्फ इतना ही कहना चाहूंगा कि जब हम अपने आंगन को साफ रखेंगे तो हमारा मोहल्ला साफ होगा, इसलिए हर कोई अपना दायित्व समझे और और लोगो को स्वस्थ स्वच्छ रहने के लिए प्रेरित करे। नगर पालिका अध्यक्ष ने नगर स्वच्छ हो, इसके लिए सभी प्रयास करें। इसके उपरांत वंदे मातरम् परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम का मंच संचालन भाजपा महामंत्री गिरधर यादव ने किया। कमल सदन अलबेलापारा मे भाजपा शहर मंडल के द्वारा अटल बिहारी वाजपेई के छायाचित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दीपक खटवानी ने मिठाई खिलाकर कर लोगों का मुंह मीठा किया। आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, भरत मटियारा, राजीव लोचन सिंह, सुषमा गंजीर,राजा देवनानी,संजय सिन्हा, अरूण कौशिक डा. देवेन्द्र साहू,विजयलक्ष्मी कौशिक, मीरा सलाम, उगेश्वरी उईके मीना उके, सरिता यादव, अनिता सोनी, शकुंतला जैन, स्मृति कौशिक, निधि शेष पेज 10 पर





पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### देवांगन समाज ने किया कैबिनेट मंत्री का स्वागत

**भखारा।** देवांगन समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामगोपाल देवांगन के नेतृत्व में समाजजनों ने छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन से मुलाकात की। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बीरगांव ओमप्रकाश देवांगन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश देवांगन, युवा देवांगन समाज के पूर्व अध्यक्ष गजेंद्र देवांगन, प्रदेश के पूर्व महामंत्री धनेश देवांगन, प्रदेश महिला समाज उपाध्यक्ष पदमा देवांगन आदि उपस्थित थे।

### छात्रों ने विज्ञान पर आधारित मॉडलों की प्रदर्शनी रखी

**धमतरी।** शाउमावि सलोनी के छात्रों ने प्राचार्य आरके गुप्ता के निर्देशन में महान गणितज्ञ रामानुजन के जन्म दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। बच्चों ने कुल दस मॉडल तैयार किये थे जिसे सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने अवलोकन किया। चंद्रकला, चुनेश्वरी, पुष्केद्र, केशरी, पायल, पूर्वा, नम्रता, लेखनी, योगेन्द्र और लोकेश्वरी ने अपनी सहभागिता प्रदान की। जीव विज्ञान से विकास निम्बालकर, भौतिक शास्त्र से हरीश साहू, गणित से वासुदेव साहू और रसायन से त्रिलोक साहू ने निर्देशन किया। प्राचार्य आरके गुप्ता, जी एस साहू, श्रीवास, एनआर साहू, विजय कुमार जगने, एएस ध्रुव, हेमंत साहू, पीके यादव और एसएस साहू ने बच्चों का हौसला बढ़ाया।

मेला मड़ई में पहुंचे देव विग्रह नगरी। ग्रामवासियों के सहयोग से उमरगांव में मेला मड़ई का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में देव विग्रह पहुंचे और मेले की परिक्रमा कर रस्म पूरी की।

### क्रिकेट में माही स्टार इलेवन अव्वल

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम कुर्रा में महाकाल स्टार क्रिकेट क्लब एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 10 दिवसीय रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 1 लाख एवं द्वितीय पुरस्कार 50000 रूपए रखा गया था। माही स्टार इलेवन क्रिकेट क्लब दुर्ग ने प्रथम स्थान एवं स्टार इलेवन क्रिकेट क्लब ताररी बालोद की मंडली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह जानकारी सोम देवांगन एवं विक्की सिंह ने दी है।

## पेज 9 का शेष...

### पत्नी को बच्चों ...

मार दूंगा कहते हुए जान से मारने की धमकी दिया। हाथ मुक्का से मारपीट किया है। पत्नी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### अन्नदाता किसानों के...

किया। विधायक ने भी ग्रामीणों का आभार जताते हुए कहा कि पांच साल पहले गांव के एमआईटी डैम टूट गया था। जिसको बनाने का वादा पूर्व के विधायक द्वारा किया गया था। इस काम का भूमिपूजन भी किया पर पांच साल में यह काम नहीं हो पाया। इस काम का भूमिपूजन कर रहे है, जिसके लिए 29.67 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। अब इस डैम का काम पूरा होगा और टूटी मेढ़ बनेगी, साथ ही एक गेट का भी निर्माण किया जाएगा। इसके बनने से गांव के किसानों को पूर्व की तरह सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिलेगा। इस अवसर पर ग्रामवासियों सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पेड़ में दबने ...

लिए पेड़ के ऊपर चढ़ा हुआ था। पेड़ से गिरकर मोटा तना में दबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### शहर और समाज ...

संचेती, वीरेंद्र श्रीवास्तव, अजय मोटवानी, योगेश साहू, घनेन्द्र ठाकुर, पीयूष वलेचा, प्रशांत ठाकुर, बल्लू यादव, जतिन अटभैया, अधिकारियों में नगरपालिका के सब इंजीनियर राजेश मिश्रा, स्वच्छता प्रभारी वीरेंद्र लोन्हारे, महेंद्र श्याम कार्तिक, अजय साहू, सौरभ श्रीवास्तव, रवि नेताम व सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

### मोदी की गारंटी से लाभान्वित किसानों ने कहा- कृषि कार्य का संबल मिला

# मुख्यमंत्री साय ने 22744 किसानों को बांटी 25.98 करोड़ की प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर सोमवार को कोंडागांव जिले के 22 हजार 744 किसानों को 25 करोड 98 लाख रुपए की धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर जिले के बेंद्री ग्राम में आयोजित आमसभा कार्यक्रम से किसानों को 2014–15 और 2015–16 के लंबित धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का भुगतान बैंक खातों में ऑनलाइन हस्तांतरण के माध्यम से किया। इसके तहत जिले के 22 हजार 744 किसानों को 25 करोड 98 लाख रुपए का भुगतान किया गया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ की वर्तमान सरकार द्वारा अपने चुनावी घोषणा को पूरा करते हुए किसानों को यह सौगात दी। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में इस अवसर पर व्यापक तैयारियां करते हुए पूरे जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों के साथ ही सभी समितियों में इस कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गई थी और इस अवसर पर किसानों और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था। कोंडागांव जिला मुख्यालय स्थित



ऑडिटोरियम में इसके सीधे प्रसारण के दौरान उपस्थित स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी ने धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि मिलने पर किसानों को बधाई देते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेई की जयंती के अवसर पर यह भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री बाजपेई ने छत्तीसगढ राज्य का निर्माण कर क्षेत्र के विकास को गति दी। हमारे दल के चुनावी घोषणा पत्र के अनुसार हमारी सरकार ने केबिनेट की पहली बैठक में ही किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि के भुगतान का निर्णय लिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों की आर्थिक समृद्धि के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि, सोलर पंपों की स्थापना से लेकर अब ड्रोन तकनीक को भी बढावा दिया जा रहा है, ताकि किसानों का कार्य आसान हो। उन्होंने किसानों के विकासके लिए कार्य योजना तैयार करने के लिए किसानों के साथ चर्चा के लिए शीघ्र बैठक आयोजित करने की बात भी कही।

**घनश्याम ड्रिप सिंचाई और तुलाराम नलकूप खनन की तैयारी में** – धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि मिलने पर किसानों में खुशी दिखी। संबलपुर के किसान घनश्याम पटेल ने कहा कि उनके पास लगभग दस एकड कृषि भूमि है और वे अपनी आमदनी बढाने के लिए खेतों में ड्रिप सिस्टम लगाने की योजना बनाई थी, जो पैसों के अभाव में पूरी नहीं हो रही थी। अब धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि मिलने पर अपने खेत में ड्रिप लगाने की योजना को पूरी करते हुए प्रगतिशील कृषि की ओर कदम बढाएंगे और अपनी आमदनी में वृद्धि करेंगे।घोडागांव के निकट माकडी के किसान तुलाराम पांडे ने कहा कि उन्होंने अपने खेत में सिंचाई के लिए नलकूप खनन करना चाहते थे, लेकिन असफल रहे। अब किसान प्रोत्साहन की राशि मिलने पर वे नलकूप खनन करवा पाएंगे। इसी गांव के कमलूराम राठौर ने कहा कि वे धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि से मक्के की खेती करेंगे और अपनी आय बढाएंगे। बनियागांव के किसान मनीराम साहू ने कहा कि वे किसानी के साथ बर्तनों का व्यवसाय करते हैं और अपने इस व्यवसाय की वृद्धि के लिए उन्हें एक मोटर साइकल की जरूरत हो रही है। अब धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि मिलने पर उनका मोटर साइकल खरीदने का कार्य आसान हो जाएगा।

**मौजूद रहे ये**– इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य बालसिंह बघेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष सतीश सोनी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित राजस्व, कृषि, खाद्य, विपणन विभाग के अधिकारी–कर्मचारी एवं बडी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## 3884 किसानों के खातों में 4.59 करोड़ की बोनस राशि किया ट्रांसफर



फरसगांव। छत्तीसगढ़ प्रदेश में 25 दिसम्बर सोमवार को सुशासन दिवस के अवसर पर किसानों को धान बोनस की बचत राशि का वितरण किया जा रहा है। वही फरसगांव ब्लाक के 3884 पंजीकृत किसानों को दो वर्ष की धान बोनस की राशि का वितरण किया गया । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किसानों के खाते में राशि ट्रांसफर किया। फरसगांव नगर के सामुदायिक भवन में सुशासन दिवस के अवसर पर धान बोनस राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस आयोजन में मुख्यातिथि के रूप में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम पहुचे हुए थे , जिन्होंने किसानों को उनके धान बोनस राशि का प्रमाण पत्र वितरण किया । जिसके बाद मुख्यंमत्री साय के द्वारा वर्चुअल वीडियो कॉन्फेसिंग के माध्यम से सभी किसानों के खाते में धान बोनस राशि का ट्रासफर किया गया । इस दौरान विधायक नीलकंठ टेकाम ने सभा में उपस्तिथ किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि छग की साय सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर तेजी से अमल करना शुरू कर दिया है। मोदी के गारंटी के तहत प्रदेश में भाजपा के शासन काल मे समय का किसानों को दो साल के बचत धान कि राशि का वितरण किया गया है । ऐसे ही आगे भी मोदी की गारंटी में सभी वादे पूरे किए जाएंगे साथ ही नए नए योजनाओं का लाभ जनता को मिलेगा । फरसगांव एसडीएम अनिकेत साहू से मिली जानकारी अनुसार वर्ष 2014-15 के 2317 किसानों के 94294 क्विंटल धान का बोनस राशि दो करोड़ बयासी लाख सत्याशी हजार छः सौ रुपए और वर्ष 2015-16 का 1567 किसानों के 98603 क्विंटल धान का बोनस राशि एक करोड़ पचहत्तर लाख इक्यासी हजार एक सौ चालीस रुपए दिया गया है। इस दौरान एसडीएम अनिकेत साहू, एबीईओ हंसराज सिन्हा, भाजपा से प्रवीर सिंह बदेशा, अब्दुल रहमान, गणेश जायसवाल, सुरेश जायसवाल, श्रीमती शैल शेठिया, मंजुलता मरकाम, चिंतामणि नेताम, चंपा पांडे, मोहित सिंह, परमेश्वर शेठिया, प्रवीण पांडे सहित क्षेत्र के किसान उपस्तिथ रहे ।

# प्रदेशाध्यक्ष व मंत्री का स्वागत कर्मचारी संगठनों ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं छत्तीसगढ शासन के केबिनेट मंत्री केदार कश्यप के प्रथम कोण्डागांव आगमन पर छत्तीसगढ टीचर्स एसोसिएशन कोण्डागांव के जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह एवं छत्तीसगढ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा जिला संयोजक नीलकंठ शार्दूल के नेतृत्व में स्वागत किया । इस स्वागत कार्यक्रम में छत्तीसगढ टीचर्स एसोसिएशन सहित विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रदेश, जिला, ब्लॉक एवं संकुल पदाधिकारी व शिक्षक सहित विभिन्न संगठनों के जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने पुराने विश्राम गृह कोण्डागांव में उपस्थित होकर प्रदेश अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री का जोर शोर से स्वागत किया। स्वागत कर्त्ता में छत्तीसगढ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा जिला संयोजक नीलकंठ शार्दूल, जिला सचिव एवं छत्तीसगढ टीचर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह, शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष निर्मल शार्दूल, आत्माराम तलवार, के.पवार, संजय सिंह ठाकुर पदाधिकारी



चन्द्रकान्त ठाकुर, शिवराज ठाकुर, यादवेन्द्र यादव, संजय राठौर, बलराम यादव, के.राव.पवार, रामलाल नेताम, छत्तीसगढ टीचर्स एसोसिएशन पदाधिकारी नरेश ठाकुर,जगमोहन वर्मा, गुरूदीप छाबडा, इरशाद अंसारी, प्रभाकर सिंह, ईश्वर दयाल साहू, अनिल कोर्राम, रामगोपाल सिंह, अनुप विश्वास, लखीराम बघेल, बृजेश तिवारी, श्रीनिवास नायडू, हितेश श्रीवास, संतोष सिंह, बी.एस.ठाकुर, हृदय राम मंडावी, सहित सैकडों की संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# साईं जन्मोत्सव मनाया व शोभायात्रा निकाली



**फरसगांव** । फरसगांव नगर के बडेडोंगर चौक के पास स्थित साईं मंदिर में दो दिवसीय साई जन्म महोत्सव का आयोजन किया गया। 24 दिसम्बर को प्रातः 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक साई मंत्र का अखंड जाप का आयोजन किया गया 25 दिसम्बर को साई भक्तों के द्वारा राउत नृत्य करते हुये नगर में भव्य रूप से शोभा यात्रा के साथ साथ कलश यात्रा निकाली गई । तद पश्चात सांई मंदिर परिसर में यज्ञ एवं पूजन कर भंडारे का आयोजन किया गया । शाम को संध्या भजन का आयोजन भी किया गया । जिसमें सरस्वती बालिका मानस परिवार पीपरा (बहीगांव) , जय सिद्धेश्वर मानस मंडली देवर तिल्दा(बलौदाबाजार), मोर कन्हा राउत नाचा पार्टी ग्राम कपेनापारा(ओटेंडा) के द्वारा प्रस्तुति दी गई । भजन गीतों से भक्तों ने भक्ति मय रूप से आंनद लिया इस दो दिवसीय आयोजन को सफल बनाने में नगर सहित क्षेत्र के साईं भक्तों व नगरवशियो का योगदान रहा ।

# केदार और किरण के स्वागत में जमकर की आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नव रत्नों मे से बस्तर संभाग के एकलौते मंत्री केदार कश्यप का भाजपा सरकार मे चौथी बार मंत्री बनने के प्रथम आगमन पर कोण्डागाव और नारायणपुर वासियों के द्वारा बस्तर संस्कृति से ओत प्रोत नर्तक दल के थिरकन के साथ पटाखो की गडगडाहटो के बीच भव्य स्वागत किया गया । आपको बता दे कि नव नियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव जी भी मंत्री जी के साथ कोण्डागाव पहुंचे । भाजपा कार्यालय मे कार्यकरताओं और पार्षदो के द्वारा गजमाला पहनाकर स्वागत किया गया । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव जी संबोधित करते हुए प्रदेश के जनता को भाजपा पर विश्वास करते हुए भाजपा की सरकार बनाने के




लिये धन्यवाद दिया और कहा कि मोदी की गारंटी के सभी वादो को पुरा करेंगे उसी कडी में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बजपेयी जी के जन्मदिन 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रुप मे मनाते हुए किसानो के खातो मे दो वर्ष के बोनस डाले जाने की बात कहे।

# हत्या में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार

**बीजापुर।** आत्मसमर्पित माओवादी किसन ऊर्फ छोटू कुरसम को उसके चाचा राजू कुरसम एवं अन्य 4-5 आरोपियों द्वारा अपहरण कर हत्या कर दिये थे। घटना के फरार आरोपियों की पता तलाश में 24 दिसम्बर को डीआरजी बस्तर फाइटर एवं कोतवाली की संयुक्त टीम गोरना, मनकेली की ओर निकली थी। पुलिस पार्टी को घटना में शामिल 2 आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली। जिसमें पहला आरोपी गुडडु कुरसम पिता डुम्मा कुरसम उम्र 23 वर्ष निवासी कोकरा थाना बीजापुर जिला बीजापुर और दूसरा आरोपी नाबालिग बालक है। गुडडु कुरसम मूलवासी बचाओ मंच का सदस्य है, साथ ही मूलवासी बचाओ मंच के 9 पंचायतों का प्रमुख है। पकड़े गये आरोपियों से पूछताछ पर पता चला



कि इनके द्वारा गोरना-मनकेली क्षेत्र के आत्मसमर्पित माओवादियों की लगातार रेकी की जा रही थी, जिसके तहत 23 दिसम्बर को छोटू कुरसम का अपहरण कर हत्या की घटना को अंजाम दिये। घटना में शामिल फरार अन्य आरोपियों की पता तलाश जारी है। क्षेत्र में लगातार सघन गश्त सर्चिंग की जा रही है। प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय में पेश किया गया है।



# नारी का हमेशा सम्मान करें : रामप्रताप शास्त्री

**धमतरी।** राष्ट्रीय गौशाला मैदान में आयोजित श्री शिव महापुराण की कथा सुनाते हुए कथा व्यास आचार्य रामप्रताप शास्त्री ने नारी के सम्मान मेंअद्भुत व्याख्या की। श्री शास्त्री ने कहा कि नारी का सम्मान सभी को सर्वदा करना चाहिए। नारी के अपमान के कारण महाभारत हुआ। जहां नारी का सम्मान नहीं होता, वहां महाभारत होता है। उन्होंने आगे कहा कि माताएं बच्चों को अच्छे संस्कार दें। बच्चों को संस्कारित करें। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि हमेशा गुरु, माता, पिता की आज्ञा का पालन करें। उनके शब्दों को भगवान माने क्योंकि वही तुम्हारे सच्चे पथ प्रदर्शक और मार्ग प्रशस्त करने वाले हैं। कथा सुनने बिलासपुर हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस श्री बाजपेयी समेत अनेक कथा प्रेमी पहुंचे थे।

# घाटपदमुर के किसानों को नानगुर लैंप्स में धान बेचना में है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के अंतर्गत ग्राम घाटपदमुर के किसानों को धान बेचने 6 से 7 किमी की दूरी तय करना मुनाफा कम और नफा अधिक होना घाटे का सौदा साबित हो रहा है। पूर्व में घाट पदमुर में आदिम जाति सहकारी समिति लैम्प्स सोसायटी नही होने से इस गाँव के लगभग 100 किसानों को आज भी धान बेचने नानगुर पर निर्भर होना पड़ रहा है,चूंकि पहले से पंजीयन किसानों के नाम नए लैम्प्स सोसाइटी घाट पदमुर स्थानांतरित नही किया गया है। यही कारण है,कि ऐसे किसानों को अपना उपज बेचने भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने गांव के जनपद सदस्य नीलूराम बघेल को इसकी शिकायत की। जनपद सदस्य ने नानगुर लैम्प्स सोसाइटी के प्रबंधक को किसानों के नाम घाटपदमुर लैम्प्स सोसाइटी में स्थानांतरित करने



अनेक मर्तबा लिखित और मौखिक में जानकारी दी है। बाजूजूद आज पर्यन्त नाम स्थानांतरित नही हुए।

### कलेक्टर से गुहार

किसानों के पंजीयन घाट पदमुर में कराने जनपद सदस्य और संचार सनकर्म समिति के सभापति नीलूराम कलेक्टर विजय दयाराम के को आवेदन देकर गुहार की है।

### तकनीकी समस्या के चलते हो रहा देरी

किसानों का पंजीयन में तकनीकी समस्या आ रही है। नाम स्थानांतरित रायपुर से होता है। रायपुर से स्वीकृति मिलने के बाद पंजीयन स्थानांतरित होगा।

**तरुण सेठिया,** लैम्प्स प्रबंधक नानगुर

### पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के योगदान को याद किया

# अटल जयंती पर सुशासन दिवस का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

सुशासन दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए जिला पंचायत सदस्य बालसिंह बघेल एवं मंडल अध्यक्ष रामकुमार कोर्राम इस अवसर पर मर्दापाल मंडल में स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। मंडल मुख्यालय मर्दापाल में स्थित अटल चौंक में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। सुशासन दिवस मात्र एक दिन का नहीं प्रत्येक दिन को सुशासन के रूप में बनाना सभी जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों का कर्तव्य है। शासन की हर योजना गांव–गांव, घर–घर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखना होगा तभी भारत रत्न अटल



बिहारी वाजपेयी के सपनों का भारत बनेगा बालसिंह बघेल पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की दूर–ष्टी ही है । कि आज गांव गांव तक सडको का जाल बिछा है, उनके शासन काल की देन है कि आज सभी योजनाओं में पारदर्शिता है। रामकुमार कोर्राम कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित जन प्रतिनिधि एवं कर्मचारियों ने इस अवसर पर कर्तव्य निष्ठा से कार्य करने के लिए सपथ लिया।'

### अटल जयंती पर स्कूल में बच्चों ने किया काव्य पाठ

**कोण्डागांव।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री प्रखर वक्ता ओजस्वी कवि, भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती 25 दिसम्बर प्राथमिक विद्यालय जोन्दरा पदर में धूमधाम से मनाई गई। बच्चों में साहित्यिक अभिरुचि बढ़ाने, समाज सेवा ,देश सेवा को सर्वोपरि मानने हिंदी के चार स्तम्भों में से एक वाचन कौशल में पारंगत बनाने के उद्देश्य से प्रार्थना सभा मे काव्य पाठ का आयोजन किया।नन्हे मुन्ने बच्चों ने अटल बिहारी वाजपेई के कविता संग्रह मेरी 51 कविताऐ से चुनिंदा कविताओं के सामूहिक पाठ में उत्साह पूर्वक भाग लिया।प्रधान पाठक मधु तिवारी ने भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन के मुख्य संस्मरण, साहित्य के प्रति उनकी अभिरुचि के बारे में बताया ,राजनयिक के रूप में,प्रधानमंत्री मंत्री के रूप में योगदान एवं देश की सैन्य सुरक्षा के लिए उनके कार्यकाल में किए गए 1998 के पोखरण में द्वितीय परमाणु परीक्षण पाकिस्तान के साथ हुए करगिल युद्ध में विजय,सयुंक्त राष्ट्र संघ में जिनेवा में दिए गए हिंदी में भाषण आदी ऐतिहासिक घटनाओं के बारे में बच्चों को अवगत कराया। कार्यक्रम में शिक्षिका स्मिता नेताम स्वसहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहे।



# जयंती पर अटल बिहारी को पुष्पांजलि की अर्पित



**कोण्डागांव।** कोंडागांव में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और कोंडागांव जिले में स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। जिला मुख्यालय कोंडागांव स्थित अंबेडकर चौक में विधायक सुश्री लता उसेंडी ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेई के तैलचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधायक सुश्री उसेंडी के साथ ही नगर पालिका उपाध्यक्ष, जसकेतु उसेंडी, नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष सतीश सोनी, पार्षद तेज देवांगन, ललित देवांगन, सोनामणि पोयाम, लक्ष्मी ध्रुव, संगीता चक्रधारी, स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान किया।

## सुशासन दिवस पर कंबल एवं फल का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



भाजपा जिला अध्यक्ष व विधायक चैतराम ने कहा की आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न, छत्तीसगढ़ के निर्माता स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को हर वर्ष की तरह सुशासन दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार संगठन द्वारा मण्डल स्तर पर विभिन्न सेवा कार्यक्रम कर मना रही है एवं अपने जन घोषणा पत्र में किसानों से किये हुए वायदे, 2 साल का बकाया बोनस किसानों को देने जा रही है।

भाजपा मण्डल अध्यक्ष गीदम राजेश कश्यप ने कहा की मोदी की गारंटी पर भरोसा कर जनता प्रदेश में सुशासन की सरकार लेकर आई है इसी तारतम्य में भाजपा मण्डल गीदम द्वारा उत्कृष्ट कवि, लेखक, विचारक भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर हारम में संचालित वृध्दाश्रम में वृध्द माताओं को कंबल एवं अस्पताल गीदम में फल वितरित किया गया।

इस दौरान भाजपा के मण्डल पदाधिकारी, युवा मोर्चा के पदाधिकारी समेत समस्त वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।


### दिवस : जिले के कुल 9050 कृषकों को मिला 12 करोड़ 60 लाख रूपए का बोनस

# सुशासन दिवस पर किसानों के चेहरे में आई मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

- 2 लाख 24 हजार का बोनस पाकर किसान कोरसा पाण्डु हुआ खुश

25 दिसम्बर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के किसानों को दो वर्ष सन 2014-15 एवं 2015-16 के कृषि उत्पादन प्रोत्साहन राशि (बोनस) का अंतरण सीधे उनके खाते में किया। बीजापुर जिले के कुल 9050 कृषकों ने बोनस से लाभान्वित हुए जिसमें वर्ष 2014-15 के 5 हजार 391 कृषकों के उपार्जित धान 2 लाख 53 हजार क्विंटल पर 7 करोड़ 60 लाख रूपए एवं 2015-16 के 3 हजार 659 कृषकों को उपार्जित धान 1 लाख 66 हजार क्विंटल पर 5 करोड़ 1 लाख की राशि प्रदेश के मुखिया ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम अभनपुर के बेन्द्री में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों को उनके हक का पैसा देते हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधान मंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती के अवसर पर यह भुगतान किया जा रहा है। आज का दिन सुशासन दिवस के रूप में ऐतिहासिक दिन है। आज प्रदेश के 11 लाख 76 हजार 815 किसानों को 3 हजार 7 सौ 16 करोड़ का बोनस वितरण किया जा रहा है। इसी तरह छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सभी वर्गो के हितों में किए गए सभी घोषणाओं को इन 5 सालों में पूरा किया जाएगा। कोई भी घोषणा अधूरा नहीं रहेगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मुख्य रूप से उपस्थित थे।



वहीं जिले में बोनस वितरण कार्यक्रम का आयोजन लैम्प्स भैरमगढ़, धान खरीदी केन्द्र नैमेड़, आवापल्ली और मद्देड़ में आयोजित हुआ जिसमें ग्रामीणों और किसानों ने मुख्यमंत्री के लाईव प्रसारण को भी देखा। धान खरीदी केन्द्र नैमेड़ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष शशंकर कुड़ियम, विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ नागरिक श्रीनिवास मुदलियार, संजय लुक्कड़ एवं लव कुमार रायडू सहित कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा, सीईओ जिला पंचायत रवि कुमार साहू, एसडीएम बीजापुर पवन कुमार प्रेमी ने किसानों को बोनस की राशि का प्रतीकात्मक चेक एवं प्रमाण पत्र वितरण किया।

2 लाख 24 हजार का बोनस पाकर एरमनार के किसान कोरसा पाण्डु ने कहा उम्मीद से ज्यादा मिला मुख्यमंत्री को धन्यवाद-विकासखण्ड बीजापुर के एरमनार निवासी कृषक ने बोनस की राशि पाकर मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि उम्मीद से ज्यादा मिला मुख्यमंत्री आपको धन्यवाद कृषक पांडू कोरसा को दो वर्ष के बोनस के रूप में 2 लाख 24 हजार 880 रूपए प्राप्त हुए इन पैसो से बच्चों की शिक्षा एवं अन्य घरेलू उपयोग हेतु खर्च करने की बात कही पांडु कोरसा ने बताया हम तो भूल ही गए इस राशि को मिलेगा कि नहीं लेकिन प्रदेश के मुखिया ने जो वादा किया उसे निभाया जिससे किसानों के चेहरे खिल उठे किसानों के हित में यह एक ऐतिहासिक निर्णय है।

इसी तरह किसान संतोष पटेल बोनस के रूप में 74 हजार रुपए पाकर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इसके अलावा कृषक चंद्रशेखर, कोरसा, सोमलू, बंगाराम कोरसा, लच्छूराम ओयाम, मंगू कोरसा, मदन कश्यप, मंगू वाचम एवं डा. ओमेश्वरी देवांगन ने भी बोनस की राशि मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

## कोविड के नए वेरिएंट को देखते हुए मेकाज में हुआ मॉक ड्रिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रायपुर में कोविड़ के नए मरीज पाए जाने के बाद से स्वास्थ्य प्रशासन द्वारा कोविड मरीजों के लिए तैयारियां शुरू कर दिया गया है, जिसके चलते आज मेकाज में कोविड के मरीज आने पर उसे किस तरह से वार्ड में ले जाया जाएगा। साथ ही उसके लिए क्या-क्या व्यवस्था रहेगी, उसे लेकर मॉक ड्रिल किया गया। मार्च 2022 के बाद से कोविड के मरीजों की संख्या में कमी देखी गई थी, लंबे समय के बाद वर्ष 2023 के विदाई के दौरान राजधानी में कोरोना के नए वेरिएंट के पाए जाने के बाद प्रशासन ने एक बार फिर से कमर कसते हुए कोविड के खिलाफ फिर से सुरक्षा व्यवस्था शुरू कर दिया गया। इसी तारतम्य में शुक्रवार को मेकाज अधीक्षक डॉ. अनुरूप साहू के नेतृत्व में आपातकाल वार्ड के सामने कोविड मरीज के आने पर किस प्रकार से मरीज को सुरक्षित वार्ड तक ले जाना है, उसे लेकर मॉक ड्रिल किया गया। वहीं देखा जाए तो 35 बिस्तर के लायक वेंटीलेटर से लेकर ऑक्सीजन व अन्य उपकरण को सुरक्षित रखा गया है, जिससे अगर मरीजों की संख्या में इजाफा होने पर 24 घंटे के अंदर ही 200 बिस्तर बनकर तैयार हो जाएगा।

## शिक्षक समग्र फेडरेशन ने जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर 22 दिसंबर को छग सहायक शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई बीजापुर ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसके माध्यम से समस्याओं पर ध्यान आकर्षण कराया गया। ज्ञापन में जिले में प्रधान अध्यापक के शेष रिक्त पद पर पदोन्नति प्रकिया प्रारंभ करने, प्रधान अध्यापक के पद पर पदोन्नत हुए साथियों के संशोधन प्रकरण पर प्रकिया पूर्ण किए जाने, संशोधन निरस्तीकरण से प्रभावित शिक्षकों का रुका हुआ वेतन प्रदाय किया जाए, वर्ष 2022-23 व वर्ष 2023-24 अमहाविद्यालयीन परीक्षा आदेश जारी किया जाए, पुरानी पेंशन प्रकिया का पास बुक संधारण हेतु समस्त विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया जाए, जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी समस्याओं का एक हफ्ते में निराकरण करने की सहमति दी। ज्ञापन सौंपते के दौरान प्रान्त उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम झाड़ी, प्रांतीय संगठन मंत्री महेश शेट्टी, जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा, जिला सचिव सुशील हेमला, कार्यकारिणी अध्यक्ष रमन झा, ब्लाक अध्यक्ष बीजापुर शांतिलाल वर्मा, भोपालपटनम शेखर अप्पा जी राव, उसूर महेश यालम, चंद्रशेखर वासम, नागेश गोरला, शनिराव मरपल्ली, सुरेश राव गोटा, जयपाल निषाद, विनोद बोरला व अन्य शिक्षक साथी उपस्थित थे।

## सुशासन दिवस पर धान बोनस राशि वितरण समारोह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

दंतेवाड़ा जिले में सुशासन दिवस के अवसर पर आज दंतेवाड़ा जिले को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा किसानों के खातों में 1 करोड़ 96 लाख 24 हजार 6 सौ 59 रुपए की राशि का अतंरण किया गया। इस मौके पर जिले के ग्राम बालूद में आयोजित कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में सुशासन दिवस मनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जिले के किसानों भाईयों के खातों में हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से राशि का अतंरण किया गया। साथ ही सुशासन दिवस के मौके पर किसान भाईयों एवं ग्रामीण जनों को विधायक के द्वारा सुशासन की शपथ भी दिलाई। अटामी ने सभी किसानों भाईयों को बधाई देते हुए कहा कि भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत जैसे आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट योजना, जल-जीवन मिशन, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के आदि योजनाओं का



लाभ लें इसके साथ ही उन्होंने छूटे हुए लाभार्थियों को योजनाओं के तहत लाभान्वित करने और जागरूकता बढ़ाने के लिए शासन द्वारा'विकसित भारत संकल्प यात्रा में सहभागिता का आह्वान करते कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को शासन के सभी कल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके इसके लिए ग्रामीणों से यही अपेक्षा है कि योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जानकारी लेकर इनसे जुड़े। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, एसडीएम शिवनाथ बघेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर, नगरपालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य रामूराम नेताम, जनपद पंचायत सदस्य कुनाल ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और प्रशासनिक अधिकारी सहित किसान भाई और ग्रामीण जन मौजूद थे।

## अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



**गीदम।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में नगर पंचायत गीदम के सभागार में अटल के छायाचित्र में दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर सुशासन दिवस मनाया गया और उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी गीदम बी पी ध्रुव, वरिष्ठ गणमान्य नागरिक विजय प्रसाद तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती साक्षी सुराना, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनकु लेकामी, वरिष्ठ नागरिक मंगडू राम कड़ती, श्रीमती ममता गुप्ता, मंजूलता भटनागर, श्रीमती योगेश्वरी देवांगन, श्रीमति उर्मिला तामो, गणमान्य नागरिक गोवर्धन कुंभकार, राजा गुप्ता, व्यापारी संघ अध्यक्ष रजनीश सुराना, पार्षद शेखसिराजुद्दीन, अवधेश गुप्ता श्रीकांत राव, खिलावन सागर, कार्यक्रम संचालक साजिद भारती, दीपक बाजपेई, रमेश डागा, मदन सोनी, सुजीत, राजेश एवम नगर पंचायत के समस्त कर्मचारीगण का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसके पश्चात स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें सभी अतिथियों एवं नगर पंचायत कर्मियो ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### अधिकारी व कर्मियों ने लिया संकल्प

## महारानी अस्पताल में चला स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार की सुबह 10 बजे शहर के शासकीय जिला महारानी अस्पताल में सुशासन दिवस की अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता अभियान के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ना और सुशासन दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई को इस कार्यक्रम के माध्यम से याद कर अधिकारी एवं कर्मचारी ने सुशासन स्थापित करने का संकल्प लिया। सुशासन दिवस के अवसर पर स्वच्छता के लिए चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सक, चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स, अस्पताल सलाहकार, फार्मासिस्ट, अन्य अधिकारी व कर्मचारी स्वच्छता में भाग लिए एवं अस्पताल परिसर के विभिन्न स्थानों में स्वच्छता के लिए सफाई की गई।

### कर्मचारियों को दिया प्रोत्साहित

शहर के शासकीय जिला महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद द्वारा स्वच्छता अभियान में भाग लिए चिकित्सालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पौधा देकर उनको प्रोत्साहित किया गया।

## संस्कृतिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

दशापाल मैथोडिस्ट चर्च पहुंच कर विधायक लखेश्वर बघेल ने मसीही समाज प्रभु यीशु की प्रार्थना कर उनका जन्मदिन बड़े धूमधाम से सेलिब्रेट करते हुए लोगों को शुभकामनायें प्रेषित करते हुए बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल भी चर्च पर केक काटकर सेलिब्रेट करते हुए लोगों को बधाई एवं शुभकामनायें दी। करपावंड ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बोरीगांव में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन रखा गया था, जिसमें कस्तूरी की टीम ने ट्राफी पर अपना कब्जा जमा लिया। राजीव युवा मितान क्लब के तत्वाधान में यह समापन कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित किया गया था। ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट के इस फाइनल मुकाबले में कुम्हारावंड और कस्तूरी के मध्य खेला गया यह मैच काफी रोमांचक रही। कुम्हारावंड ने



पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 88 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया लेकिन कस्तूरी के बल्लेबाजो ने भी अपनी खेल का लोहा मनवाते हुए 12 ओवर में ही जीत सुनिश्चित कर फाइनल मैच अपने नाम कर कस्तूरी ने 4 विकेट रन से जीत हासिल किया। इस दौरान उदयनाथ जेम्स, वीरेंद्र सेठिया, रघुनाथ कश्यप, विजय चंद्राकर, नित्या चंद्राकर, मजहर खान, जितेंद्र तिवारी, श्रवण, विमल बिसाई, राजेश चंद्राकर, तुलसी राम, राजेश कुमार, लैखन, एवं समस्त कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

# टीकनपाल माता लक्ष्मी जगार उत्सव और कबड्डी मैच के समापन पर पहुंचे विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

विकासखण्ड बस्तर के ग्राम पंचायत टीकनपाल में शनिवार को माता लक्ष्मीजगार उत्सव कबड्डी मैच के समापन पश्चात लखेश्वर बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि कबड्डी का खेल हमारे ग्रामीण क्षेत्रों का महत्वपूर्ण अंग है। ग्रामीण क्षेत्र के युवा वर्ग से लेकर वरिष्ठजन भी इस खेल को बड़ी दिलचस्पी से देखते हैं और इसका लुत्फ बड़ी आत्मीयता से उठाते हैं मैं सभी खिलाड़ियों को अपनी शानदार प्रतिभा का जौहर दिखाने के लिए बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं देता हूँ। प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी माता लक्ष्मीजगार



उत्सव कबड्डी का आयोजन रखा गया था जिसमें कोटियागुडा और झारतरई के मध्य फाइनल मैच का मुकाबला हुआ जिसमें कोटियागुडा ने 5 पॉइंट से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा की मनुष्य के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए भी खेल बेहद जरूरी है। लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से खेल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि उनको आगे बढ़ने का अवसर मिल सके साथ ही इस खेल के समस्त आयोजन समिति को इस कबड्डी खेल के सफल आयोजन हेतु बधाई के पात्र बने समिती के सदस्यों को भी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ। इस दौरान मौजूद रहे बालेश दुबे, आशीष मिश्रा, रियाज खान, राजेश कुमार, डुमर कश्यप तातुदास, छविश्याम, गेंदलाल, हरिराम, गजराज, जैनसिंह, सुकमन बघेल, गणपत, धरमुराम, मोहन कश्यप, जयसिंह, टिकेश्वरी, अमरदास, तोमेश, मुन्ना एवं समस्त ग्रामवासी एवं माता बहनें उपस्थित रहे।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : मो. 9406004581
बिलासपुर : मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### आयुर्वेद औषधालय में जवानों ने किया श्रमदान



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत शासकीय आयुर्वेद औषधालय कोदापाखा निर्माणधीन औषधि उद्यान हर्बल गार्डन में जन प्रतिनिधियों एवं बीएसएफ बटालियन कोदापाखा के कमांडेंट राकेश पांडे के नेतृत्व में श्रमदान किया एवं औषधि उद्यान का निर्माण कार्य जनवरी 2024 तक पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। कमांडेंट राकेश पांडे ने कहा की स्थानीय औषधि पौधों के जानकारों से निवेदन है कि दुर्गुकोंदल ब्लॉक में पाई जाने वाली औषधिय पौधों की जानकारी व औषधिय पौधों को प्रदान करने का कष्ट करें, जिससे एक सुंदर व आकर्षक औषधि उद्यान बनने में आप सभी लोगों के अमूल्य सहयोग से सफल प्राप्त होगी।

### अयोध्या से आए अक्षत कलश का नगर में निकाली भव्य शोभायात्रा



**चारामा।** विकासखण्ड चारामा में राम लला की जन्मभूमि अयोध्या से आए हुए अक्षत कलश का भव्य शोभायात्रा नगर में सोमवार को हनुमान मंदिर से निकाला गया। कलश शोभायात्रा हनुमान मंदिर से होकर नेशनल हाईवे होते हूए रामजान की मंदिर से सदर बाजार, गायत्री मंदिर से वापिस बंगला पारा स्थित हनुमान मंदिर तक यात्रा निकाली गई, जिसमें नगर से महिलाएं कलश शोभा यात्रा लेकर निकली। यात्रा गाजे बाजे के साथ राम की जयकारा के साथ निकाली गई, जिसमें जगह जगह पर महिलाओं ने नृत्य डांस करते हुए धूमधाम के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली।

### पटौद लैंपस में बोनस का प्रमाण पत्र बांटे



**कांकेर।** अटल सुशासन दिवस के अवसर पर वर्ष 2014-15 और 2015-16 के 2 वर्षों के धान के बोनस राशि के प्रमाण पत्र वितरण का समारोह लैंपस पटौद के प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें पटौद के कृषकों को 2 वर्ष के धान के बकाया बोनस राशि प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।
आयोजित कार्यक्रम में पटौद लैंपस अंतर्गत ग्राम अंजनी के सरपंच लखन मंडावी ने कहा कि शासन के मंशाराम अनुरूप अटल सुशासन दिवस पर कृषकों के खाते में धान के बोनस राशि जमा किए गया है और बोनस राशि का प्रमाण पत्र कृषकों को दिया गया। इस अवसर पर गीतेश साहू, जयपाल यादव, तरुण चौरसिया, पुनीत चौरसिया, अब्दुल बशीर खान, पुरुषोत्तम नाग, पटवारी संजय यादव, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी समीक्षा भदौरिया, पटौद, अंजनी, पुसवाडा, सतलोर और बेवरती के कृषक उपस्थित रहे।

# सरोना में किसानों को बोनस राशि का प्रमाण पत्र का किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सरोना के द्वारा 25 दिसंबर को मंडी परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को बोनस राशि का प्रमाण पत्र वितरण किया। समिति प्रबंधक केशव नाग ने कहा कि किसानों का बकाया 2 साल का बोनस राशि 1 करोड़ से भी अधिक का प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा की पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार द्वारा किसानों को 2 साल का बकाया बोनस राशि का वितरण किया जा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में भारत देश में मनाया जा रहा है। इस मौके पर छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा किसानों को 2 साल का बकाया बोनस राशि चुनाव के समय देने का वादा किया था, जो किसानों को मिल रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय भाजपा के घोषणा पत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत किसानों को 2 साल का बकाया बोनस राशि देने की घोषणा की गई थी, जो छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा किसानों को 2 साल का बोनस राशि का वितरण किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में 18 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की तहत पक्का मकान बनाने के लिए राशि दिया जा रहा है। भाजपा जो अपने घोषणा पत्र में जो वादा किया या है, उसे पूरा करेगी।

**पूर्व पीएम अटल बिहारी को याद किया**




**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सरपंच सूरज कोराम, अध्यक्षता समिति प्रबंधक केशव नाग, विशेष अतिथि के रूप में सरोना भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया, अजय हिरवानी, भारत निषाद, अशोक निषाद, रामाधार धनकर, अनिल गजपाल, तुका नेताम उपस्थित रहे।

**समारोह : गीत-संगीत, नृत्य और फैंसी ड्रेस की धूम**

# पैराडाइज स्कूल में हुआ वार्षिक उत्सव का आयोजन, संस्कृति की एकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल ईमलीपारा में 19 वा वार्षिक उत्सव संपन्न हुआ। जिसमें स्कूल के बच्चों ने भाग लेकर विश्व की विभिन्न भाषाओं एवं संस्कृति को गीत, संगीत, नृत्य, योग, मार्शल आर्ट, फैसी ड्रेस, फैशन शो ड्रामा एव कला के विभिन्न विद्याओं से विभिन्नता में एकता को प्रदर्शन कर शांति एवं भाईचारे का संदेश दिया।

वार्षिक उत्सव के विभिन्न कार्यक्रम में प्री प्राइमरी के छात्र-छात्राओं द्वारा जिंगल बेल जिंगल बेल इंग्लिश राईमस वेलकम सान्ग और प्रकृति की रक्षा, जीवन की सफलता एवं देश भक्ति गीत को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्राइमरी कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा है सलाम तुझे इसरो, जय हो, स्वच्छ भारत, लव यू जिन्दगी आदि एकता का संदेश देने वाले गीतों पर आकर्षक डांस प्रस्तुत किया एवं ड्रामा के द्वारा स्वच्छता का संदेश दिया। मिडिल स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ी, नेपाली, आसामी, सम्बलपुरी आदि भाषाओं के मानव एकता स्थापित करने वाले गीतो पर पारंपरिक लोक गीत प्रस्तुत किया। मिडिल स्कूल के छात्रों द्वारा मार्शल आर्ट का प्रदर्शन कर स्वास्थ्य एवं आत्मरक्षा की शिक्षा का संदेश दिया। स्कीट के माध्यम से मोबाइल के दुरुपयोग को प्रदर्शित किया गया। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी के छात्र-छात्राओं द्वारा राजस्थानी, पंजाबी, तेलुगु, मलयालम, तमिल, कन्नड़ भाषाओं के लोक गीतों का आकर्षक पारंपरिक लोक नृत्य को प्रस्तुत कर सम्पूर्ण विश्व सहित भारत की एकता एवं अखंडता का संदेश दिया। संगीत के माध्यम से योग एवं शारीरिक स्वस्थ्य की शिक्षा को अपने जीवन मे अपनाने की प्रेरणा प्रदान किया। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न भाषा एवं संस्कृति की एकता एवं अखंडता तथा स्कूल में चलने वाले विभिन्न क्रियाकलाप योगध्यान, मार्शल आर्ट मोरल क्लास, गीत संगीत एवं नृत्य की कक्षाओं में सीखे अपने कला कौशल को सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया और पैराडाइज स्कूल के उद्देश्य शिक्षा से विश्व शांति का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आशाराम नेताम विद्यायक, विशिष्ट अतिथि मधु तेता डिप्टी कलेक्टर सुकमा, जिला महामंत्री भाजपा दिलीप जायसवाल, प्रदेश उपाध्याक्ष युवा मोर्चा भुपेन्द्र नाग, अशोक वलेचा पूर्व जिला महामंत्री भाजपा, दिनेश रजक एवं पालक व शिक्षक उपस्थित रहें। कार्यक्रम में पैराडाइज स्कूल की भूतपूर्व छात्रा मधु तेता डिप्टी कलेक्टर सुकमा द्वारा 15 वर्ष पूर्ण करने वाले कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। आकर्षक पारंपरिक वेषभूषा में आए पालक को यूनिटी इन डायवर्सिटी का स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। सांस्कृतिक वार्षिक उत्सव कार्यक्रम को संपन्न कराने में प्राचार्य शिक्षक रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगिरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, वरिष्ठ रश्मि प्रीति झा आदि शिक्षकों का योगदान रहा है।

# अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर मनाया सुशासन दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर

भारतीय जनता पार्टी नरहरपुर मंडल द्वारा नगर सहित पूरे मंडल क्षेत्र में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। सुशासन दिवस पर नगर पंचायत नरहरपुर के अटल चौक में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया गया।

मंडल अध्यक्ष मुकेश संचेती ने कहा कि आज हमें अगर छत्तीसगढ़ वालों को क्वीन से जाना पहचाना जाता है वह अटल बिहारी वाजपेयी के कारण है, जिन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना पर प्रदेश का एक पहचान दी वही पंद्रह साल की भाजपा सरकार में प्रदेश ने विकास में समूचे भारत में विकसित राज्य की स्थान बनाया जो हम सभी के लिए गर्व की बात है। सुशासन दिवस पर छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किए वादों के तहत किसानों को बोनस वितरण कर मोदी की गैरेंटी को पुरा करने आगे बढ़ रही है और छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार अटल के सपनों को पुरा करने हर संभव प्रयास करेगी।

इस अवसर पर हीरा मरकाम, धनेश कौशिक, लक्ष्मी नारायण साहू, हेमंत साहू, गौकरण नाग, दीपक यादव, सच्चू साहू, उमा सिन्हा, सुशीला सिन्हा, उत्तरा सिन्हा, राजेश नाग, भागवत शोरी, रंगीता उईके, मोहन कुंजाम, आशाराम जूरी, गोपाल कृष्ण साहू, तरुण निषाद, निरंजन सिन्हा, डायमंड सिन्हा, श्याम लाल साहू, दारिका उपस्थित रहे।

# पिपरौद में पड़ोसन से मारपीट आरोपी हुआ फरार, रिपोर्ट दर्ज




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा थानांतर्गत पिपरौद में मनरेगा के तहत मजदूरी करने के बाद चबूतरे में बैठी महिला के साथ गांव के पड़ोसी आरोपी देवरराम साहू ने गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किया। मारपीट की शिकायत पीड़िता ने चारामा थाना में किया है, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। थाना में शिकायत करने पहुंची पिपरौद निवासी 51 वर्षीय पुष्पा साहू पति अशोक साहू ने पुलिस को बताया कि 25 दिसंबर को सुबह लगभग साढ़े 11 बजें मनरेगा के तहत मजदूरी कार्य करने के बाद घर के सामने चबूतरे पर बैठी थी, तभी गांव का पड़ोसी आरोपी देवराम साहू निकला और उससे बोली की मैं तुमको रात में मोटर सायकल को सही तरीके से रखने बोली थी। तुम मेरे घर में बेटे से झगड़ा करवाए हो कहने पर आरोपी गुस्सा में आकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्के से गली में मारने लगा। मारपीट को देख मेरी देवरानी राजेश्वरी साहू ने बीच बचाव किया तो आरोपी वहां से भाग गया। प्रार्थियां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री की अनुशंसा से किया शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

विकासखण्ड चारामा के शाला प्रबंधन समिति रतेसरा में ग्राम गोजी के विकास कार्य में विधायक सावित्री मंडावी के अनुशंसा पर पालक सह बालक, शिक्षक ने शैक्षणिक भ्रमण किया।

गोजी के सौंदर्य, आजीविका के साधन, ग्राम शिक्षा स्वास्थ्य सुविधा, पंचायती राज व्यवस्था, मॉडल आंगनबाड़ी, मुक्तांगन रायपुर में बस्तर के शिल्प शैली एवं संस्कृति, विज्ञान केन्द्र में विषय संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ, चित्र, मॉडल, ऊर्जा पार्क में सोलर पैनल से ऊर्जा संचार, रेलगाड़ी यात्रा, विभिन्न प्रजाति के फूल पौधे, म्यूजिक वाटर फाउंटेन देखकर पालक, बालक बालिका ने आनंद के साथ शैक्षणिक सीख को ग्रहण किया। ग्रामवासियों ने विधायक को धन्यवाद दिया साथ ही अपने ग्राम को भी विकास की ओर ले जाने संकल्पित किया। जिसमें मोहन सिंह कांगे, भगवान सिंह कुमेटी, चौनसिंह सलाम, सुनीता कांगे, राधिका नेताम, रामेश्वरी तारम, धर्मेन्द्र कुमार साहू, उमेश साहू, होमन ठाकुर उपस्थित रहे।

# विस परिणाम व संगठन पर कांग्रेस ने की चर्चा और तैयारी की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 25 दिसम्बर को जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में हुई। बैठक में मुख्य रूप से 28 दिसम्बर को कांग्रेस पार्टी के स्थापना 138 वां वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश, जिला तथा ब्लाक स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा किया गया, इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर 28 दिसम्बर को नागपुर में होने वाले कार्यक्रम के संबंध में जिले से कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने एवं तैयारियों के संबंध में चर्चा किया गया।

जिले के अंतागढ़ एवं कांकेर विधानसभा चुनाव के परिणाम के संबंध में भी कार्यकर्ताओं ने अपनी बात रखी तथा सभी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में पूरी ऊर्जा एवं नई जोश के साथ चुनाव मैदान में कार्यकर्ता होंगे और भाजपा सरकार के किसानों के साथ किए गए वादा खिलाफी के मुद्दे पर जनता के बीच होंगे। विधानसभा कांकेर के प्रत्याशी रहे शंकर ध्रुवा ने कहा कि सभी ने मेहनत किया जीत से मात्र 16 मतों से चूक गए और हार का सामना करना पड़ा लेकिन बड़ी बात प्रदेश में सरकार न बनने का दुख ज्यादा है। अंतागढ़ विधानसभा प्रत्याशी रहे रूपसिंह पोटाई ने कहा कि कांग्रेस को मिली हार से कार्यकर्ता निराश न हो सभी अंतागढ़ के चुनाव परिस्थितियों से पूरी तरह से अवगत है।

भानुप्रतापपुर के विधायक सावित्री मण्डावी ने कहा इस चुनाव में जीत-हार दोनों का अनुभव मिला, विधानसभा जीत गए, लेकिन प्रदेश में सरकार बनाने में असफल रहे। एआईसीसी सचिव राजेश तिवारी ने कहा कि विधानसभा परिणाम से कार्यकर्ता निराश न हो। नई ऊर्जा और उमंग के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में हम जनता के मुद्दो को लेकर भाजपा सरकार के वादा खिलाफी और नाकामी को लेकर जनता बीच जाएंगे, उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आव्हान करते हुए कहा कि कार्यकर्ता पूरे एकजुटता के साथ काम में लग जाए। आयोजित बैठक में पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी, जितेन्द्र सिह ठाकुर, जनक नंदन कश्यप, हेमंत ध्रुव, हेमनारायण गजबल्ला, मुकेश ठक्कर, बसंत यादव, सुनील गोस्वामी, नरेन्द्र यादव, मकबूल खान, भीखम शोरी, दिलीप खटवानी, सुनील बबला पाढ़ी, गफ्फार मेमन सहित कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

**नगर पंचायत में सुशासन दिवस मनाया गया**

# विकासखंड चारामा के 13883 किसानों को मिली 17 करोड़ धान बोनस राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा






चारामा विकासखंड के सभी ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायत मुख्यालय, नगर पंचायत कार्यालय में सुशासन दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही मोदी की गारंटी पर अमल करते हुए राज्य सरकार द्वारा 2 वर्ष का बकाया धान बोनस की राशि का वितरण किया गया। जनपद पंचायत परिसर में आयोजित विकासखंडस्तरीय बोनस वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ अटल बिहारी बाजपेयी के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। में वर्ष 2014-15 और 2015-16 का धान का बोनस भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपाई के जन्म दिवस पर बोनस राशि देने का प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन, अध्यक्षता अरूण मरकाम एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, आलोक ठाकुर किसान मोर्चा, जनपद सदस्य विजय मंडावी, मंडल अध्यक्ष प्रकाश जोतवानी के आतिथ्य में दिया गया। मुख्य अतिथि ने सभी किसानों को अन्नदाता बताते हुए बोनस की राशि प्राप्ति पर बधाई दिया। किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक ठाकुर ने कहा कि आजादी के बाद से किसानों पर राजनीति लागातार हुई, लेकिन उन्हें उनका सही हक सिर्फ भाजपा सरकार ने दिया। अटल बिहारी बाजपेयी के प्रधानमंत्री रहते गाँव को जोड़ने के लिए प्रधानमत्री सड़क बनाई गई, वही किसान केडिट कार्ड और कम ब्याज पर ऋण देकर किसानों को आगे लाने का कार्य किया। उन्होंने राजनीति से उठकर छग की जनता के लिए कार्य करते हुए छग का निर्माण किया। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यिा विष्णु देव साय छग के विकास के लिए तटस्थ है और लागातार छग का विकास होगा। विकासखण्ड चारामा के समितियों में पुरी, हाराडुला, डोकला, लखनपुरी, हल्बा और कोटतरा वह कुल 13883 किसानों के खातो में कुल 17 करोड़ 29 लाख 40 हजार 730 रुपए की बोनस की राशि मुख्यमंत्री के द्वारा सीध उनके खातों में डाली गई। कार्यक्रम में जनपद सदस्य मोती लाल ठाकुर, ढाल सिंह सिन्हा, प्रताप सलाम, रवि सिन्हा, ओमप्रकाश साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राकेश गोलछा, तहसीलदार उमाकान्त जायसवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोपाल सिंग कंवर, जिला सहकारी बैंक के मैनेजर श्री देवांगन उपस्थित रहे।

